ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
कृषि अनुसंधान केन्द्र
स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय
बीकानेर – 334006
Phone 0151 2250018, 0151 2250570
Email: arsagrometbikaner@gmail.com

Øekad ,Q@,xk@,xkeV-@26 fnukad 29.09..2026
ftyk& chdkusj

मौसम पूर्वानुमान एवं कृषि सलाह

अवधि 29 सितंबर 2026 से 03 अक्टूबर 2026 तक

गत सप्ताह के मौसम की समीक्षाः इस दौरान अधिकतम तापमान 36.4 से 39.1 °C एवं न्यूनतम तापमान 23.7 से 26.8°C के मध्य रहा। इस दौरान धीमी गति की हवायें चली एवं आपेक्षिक आर्द्रता 36 से 81% रही ।	आगामी सप्ताह की मौसम भविष्यवाणीः भारत मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली एवं राज्य मौसम केन्द्र, जयपुर से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर बीकानेर जिले में आगामी 5 दिनों के दौरान (29.09.2026 से 03.10.2026) 29.09.2026 से 30.09.2026 व 03.10.2026 को बादल छाए रहने, 01.10.2026 से 02.10.2026 तक घने बादल छाए रहने, न्यूनतम तापमान 25.0-26.0°C और अधिकतम तापमान 35.0-39.0°C के मध्य रहने की संभावना है। इस दौरान पश्चिमी और पश्चिमी उत्तरी पश्चिमी दिशा से कम गति की हवायें उच्च सापेक्ष आर्द्रता के साथ चलने की संभावना है।

मौसम कारक	दिनांक				
	29.09.2026	30.09.2026	01.10.2026	02.10.2026	03.10.2026
वर्षा (एम.एम.)	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**
आसमान में बादलो की स्थिति	बादल	बादल	घने बादल	घने बादल	बादल
अधिकतम तापमान (° C)	**35**	**36**	**37**	**38**	**39**
न्यूनतम तापमान (° C)	**25**	**25**	**25**	**26**	**26**
वायु दिशा	पश्चिमी	पश्चिमी	पश्चिमी उत्तरी पश्चिमी	पश्चिमी	पश्चिमी
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत)	**71**	**60**	**55**	**50**	**50**
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत)	**40**	**31**	**26**	**22**	**21**
औसत वायु गति (कि. / घण्टा)	**2**	**2**	**1**	**1**	**2**
वर्षा (एम.एम.)	**00.00**				

कृषकों के लिए कृषि सलाह (Agro Advisory): गत सप्ताह की मौसम समीक्षा एवं इस सप्तक के लिए मौसम पूर्वानुमान के आधार पर किसान भाइयों को निम्न सलाह दी जाती है ।

विशेष सलाह	• मेघगर्जन व आकाशीय बिजली चमकने के दौरान पेड़, खम्भों व पानी के स्रोतों से दूर रहें व सुरक्षित जगह पर शरण लेवें। • क्षारीय वाले खेतो मे मानसून की वर्षा शुरू होने से पहले गहरी जुताई करके जिप्सम या सड़ी हुई गोबर की खाद डालकर रखे ।

फसल	**अवस्था**	**विवरण**	**कृषि सलाह**
मूंगफली	फली का बनना	सूक्ष्म और गौण पोषक तत्वों का प्रयोग	मूंगफली की फसल में फली भरने की अवस्था के दौरान फसल की नियमित रूप से सिंचाई करें।
कपास	कपास चुनना	कपास चुनना	नुकसान से बचने के लिए सही समय पर परिपक्व और खुली हुई कपास की बोलियों से कपास चुनें।
मोठ	पकाव अवस्था	फसल कटाई	अनावश्यक नुकसान से बचने के लिए, मोठ फसल के भौतिक रूप से पकाव अवस्था होने पर उसकी कटाई करें।
उद्यानिकी		सिंचाई	उद्यानिकी फल फसलों जैसे खजूर, किन्नों, संतरा व नीबू की समय पर सिंचाई करें।
चारागाह		चराई	बारी-बारी से चराना या आंशिक रूप से चराना प्रबंधन का एक बेहतर तरीका है।
पशुधन		स्वास्थ्य प्रबंधन	दुधारू पशुओं में स्तनदाह से बचाव के उपाय अपनाएं। पेट के कीड़ों की दवा की मौखिक खुराक दें। पशुओं को लू से बचाएं। पशुओं को अच्छी गुणवत्ता वाला पेयजल उपलब्ध करायें। तेज़ हवा की गति को देखते हुए अपने आप को और जानवरों को पुराने/क्षयग्रस्त आश्रयों और दीवारों से दूर रखें।

सह–आचार्य एवं तकनीकी अधिकारी
ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

क्षेत्रीय अनुसन्धान निदेशक एवं
नोडल ऑफिसर – ग्रामीण कृषि मौसम सेवा